सत्यमेव जयते

# वार्षिक प्रतिवेदन 2006-2007



बौद्धिक
सम्पदा **भारत**
एकस्व / अभिकल्प / व्यापार चिन्ह /
भौगोलिक संकेत

## कार्यालय महानियंत्रक, एकस्व, अभिकल्प, व्यापार चिह्न, भौगोलिक संकेत, बौद्धिक संपदा प्रशिक्षण संस्थान तथा पेटेंट सूचना पद्धति का वार्षिक प्रतिवेदन

बौध्दिक
सम्पदा **भारत**

**एकस्व / अभिकल्प / व्यापार चिन्ह /**
**भौगोलिक संकेत**

# कार्यालय महानियंत्रक, एकस्व, अभिकल्प, व्यापार चिह्न, भौगोलिक संकेत, बौद्धिक संपदा प्रशिक्षण संस्थान तथा पेटेंट सूचना पद्धति का वार्षिक प्रतिवेदन

# अनुक्रमणिका


| | | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 1. | **पूर्वावलोकन** | 4-8 |
| 2. | **पेटेंट अधिनियम, 1970(यथा संशोधित) की धारा 155 के तहत 35 वाँ वार्षिक प्रतिवेदन**<br>1. परिचय<br>2. स्थापना<br>3. पेटेंट आवेदन-पत्र<br>4. अनुदानित तथा प्रवृत्त पेटेंट<br>5. पेटेन्ट सहयोग संधि अंतर्राष्ट्रीय आवेदन<br>6. अधिनियम/नियमों के तहत विविध महत्वपूर्ण कार्यवाहियाँ<br>7. विदेशी दौरे तथा जागरूकता कार्यक्रम<br>8. राजस्व एवं व्यय<br>9. सामान्य सूचना<br>**10.** सूचना अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत सूचना<br>परिशिष्ट - क — 31 मार्च, 2007 को कार्मिक शक्ति संबंधी विवरण<br>परिशिष्ट - क1 — नियोजित परीक्षकों के विशिष्ट तकनीकी कार्यक्षेत्र के विवरण<br>परिशिष्ट - ख — पेटेंट के लिए 2005-2006 की तुलना में 2006-2007 में फाइल किए गए आवेदनों का उद्‌गम राज्य या राष्ट्र के अनुसार तुलनात्मक वर्गीकरण<br>परिशिष्ट - ग — प्रवासी एवं अप्रवासियों द्वारा विभिन्न तरीके से पिछले 10 वर्षों में दाखिल आवेदनों के विवरण<br>परिशिष्ट - घ — पिछले पाँच वर्षों में विभिन्न क्षेत्रों से फाईल आवेदन<br>परिशिष्ट - ङ — पिछले दस वर्षों में पेटेंट संबंधी अन्य सूचनाएं<br>परिशिष्ट - च — पिछले पाँच वर्षों में विभिन्न क्षेत्रों के अनुदत्त आविष्कार<br>परिशिष्ट - छ — प्राप्त पेटेन्ट शुल्क | 9-32 |
| 3. | **अभिकल्प अधिनियम 2000 का वार्षिक प्रशासनिक प्रतिवेदन**<br>1. परिचय<br>2. दाखिल एवं पंजीकृत अभिकल्प आवेदन<br>3. अभिकल्प आवेदन पत्रों की जाँच<br>4. विविध कार्यवाहियाँ<br>5. राजस्व<br>परिशिष्ट - क — अभिकल्प शुल्क<br>परिशिष्ट - ख — दाखिल एवं पंजीकृत आवेदनों की प्रवृत्ति<br>परिशिष्ट - ग — उद्‌गम के अनुसार दाखिल एवं पंजीकृत आवेदनों की प्रवृत्ति | 33-38 |
| 4. | **व्यापार चिह्न अधिनियम,1999 के तहत 48वाँ वार्षिक प्रतिवेदन**<br>परिचय<br>व्यापार चिह्न आवेदन की प्रवृत्ति<br>पंजीकरण<br>राजस्व एवं व्यय<br>सामान्य<br>आधुनिकीकरण परियोजना<br>परिशिष्ट - 1क - आवेदनों की प्रवृति<br>परिशिष्ट - 1ख - जॉर्नल में प्रकाशित व्यापार चिह्न<br>परिशिष्ट - क - आवेदनों का वर्गानुसार वितरण<br>परिशिष्ट - ख - कानूनी कार्रवाहियाँ | 39-55 |

परिशिष्ट - ग - रजिस्टर में वर्गानुसार पंजीकृत व्यापार चिह्न
परिशिष्ट - ग1 - पंजीकृत चिह्नों के वार्षिक विवरण
परिशिष्ट - घ - उत्तरपंजीकरण प्रक्रियाएँ
परिशिष्ट - ङ - 31 मार्च, 2007 को कार्मिक शक्ति संबंधी विवरण
परिशिष्ट - ङ1 - 31 मार्च, 2007 को उपलब्ध कार्यशील कार्मिक

5. **भौगोलित संकेत रजिस्ट्री का 5वाँ वार्षिक प्रतिवेदन** 56-72
**विषयगत रिपोर्ट**
परिशिष्ट - I - राजस्व विवरण
परिशिष्ट - II - भौगोलिक संकेत आवेदनों की प्रवृति
परिशिष्ट- III - पंजीकृत भौगोलिक संकेत (उत्पाद)
परिशिष्ट - IV - प्राप्त भौगोलिक संकेत आवेदन व निर्गत प्रमाण-पत्र
परिशिष्ट - V - लंबित भौगोलिक संकेत आवेदन (उत्पाद)
परिशिष्ट - VI - जागरूकता कार्यक्रम

6. **पेटेन्ट सूचना पद्धति तथा बौद्धिक संपदा प्रशिक्षण संस्थान का वार्षिक प्रतिवेदन** 73-78
परिचय
पेटेन्ट सूचना पद्धति नागपुर की सेवाएँ
प्रशिक्षण कार्यक्रम
परिशिष्ट - I - कार्मिक शक्ति
परिशिष्ट -II - कार्य निष्पादन

# पूर्वावलोकन

आर्थिक समृद्धि को संपुष्ट करने की दिशा में नवीन अण्वेषण एवं तकनीकी प्रगति के उत्प्रेरक प्रभाव को सर्वत्र स्वीकार किया गया है। भारत ने वैज्ञानिक एवं तकनीकी उत्कृष्टता हासिल करने के साथ-साथ दूरसंचार तथा सॉफ्टवेयर निर्यात जैसे तकनीक-आधारित विशिष्ट क्षेत्रों में भी महती सफलता प्राप्त की है।


भारत सरकार ने मेधा प्रश्रय एवं रचनाशीलता को प्रोत्साहित कर बौद्धिक संपदा अधिकार की संरक्षा की दिशा में अपने प्रयासों को निरंतरता दी है जिससे उच्च-तकनीक दक्ष एवं अण्वेषी समाज बनाने का लक्ष्य प्राप्त किया जा सके।

कई क्षेत्रों, विशेषकर जैव-तकनीक, औषधि इत्यादि के क्षेत्र में भारत नवीन तकनीकों का सृजक भी बना है जो राष्ट्रीय पेटेंट आवेदनों एवं पेटेंट सहयोग संधि के तहत अंतराष्ट्रीय आवेदनों की बढ़ती संख्या में परिलक्षित होता है।


वर्तमान में सृजित बौद्धिक संपदा एवं भारत के सभी परम्परागत ज्ञान हेतु केवल पेटेन्ट आवेदन करना ही अंतिम उद्देश्य नहीं है, वरन् भारतीय पेटेन्ट प्रणाली में विश्व की अन्य समरूप व्यवस्थायों का विश्वास सुदृढ़ करना भी है ताकि देश में विदेशी निवेश को बढ़ावा दिया जा सके। बौद्धिक संपदा अधिकारों का संबंध उन वस्तुओं से है जिनसे जीवन अधिक सुरक्षित, दीर्घ, आरामदायक एवं आनंददायक होने के साथ-साथ समाज के लिए सदाशयी हो एवं भारत के प्रत्येक नागरिक के दैनिक क्रिया-कलापों के स्तर पर अमिट छाप छोड़ जाए।

भारत सरकार ने देश में बौद्धिक संपदा अधिकार के प्रबंधन को आधुनिक बनाने की दिशा में कई प्रयास किए हैं जिनमें विश्वस्तर की आधारभूत सुविधाएं प्रदान करना, एवं अंतराष्ट्रीय स्तर के समतुल्य बनने हेतु बौद्धिक संपदा अधिकार विनियमन में संशोधन करना शामिल है। इन प्रयासों के सुफल त्वरित कार्यालय गतिविधि, बौद्धिक संपदा अधिकार अनुदानित करने में लगने वाले समय में कमी, अन्य दक्षताओं में वृद्धि एवं आवेदनों की बढ़ती संख्या के निपटान के रूप में परिलक्षित होने लगे हैं।

भारत सरकार, वाणिज्य व उद्योग मंत्रालय के अंतर्गत औद्योगिक नीति व संवर्द्धन विभाग के एक अधीनस्थ कार्यालय के रूप में कार्यालय, महानियंत्रक, एकस्व, अभिकल्प व व्या.चिह्न ने अपने बढ़ते उत्तरदायित्व के साथ बौद्धिक संपदा अधिकार कानूनों के प्रबंधन की दिशा में सभी उपयुक्त कदम उठाये हैं जो अधिक संख्या में आम लोगों को बौद्धिक संपदा सृजित करने हेतु आकर्षित कर रहा है। इस कार्यालय के नियंत्रणाधीन देश में एकस्व, अभिकल्प, व्यापार चिह्न एवं भौगोलिक संकेत का प्रशासन होता है। इसके अतिरिक्त नागपूर में स्थित पेटेन्ट सूचना पद्धति (PIS) कार्यालय तथा बौद्धिक संपदा प्रशिक्षण संस्थान भी इसी कार्यालय के प्रशासनिक नियंत्रण में हैं। सभी बौद्धिक संपदा कार्यालय चेन्नई, दिल्ली, कोलकाता एवं मुम्बई महानगरों में स्थित स्वयं के आधुनिक भवनों में कार्य कर रहे हैं। आलोच्य वर्ष के दौरान मुम्बई कार्यालय का उद्घाटन एनटॉप हिल के समीप किया गया। कार्यालय महानियंत्रक, एकस्व, अभिकल्प व व्या.चिह्न तथा व्यापार चिह्न पंजीकरण कार्यालय भी इसी भवन में स्थानान्तरित कर दिया गया है। सभी बौद्धिक संपदा अधिकार भवनों के चित्र निचे प्रदर्शित किए जा रहे हैं।




कोलकाता



दिल्ली




मुम्बई



चेन्नई


**बौद्धिक संपदा कार्यालयों के संगठनात्मक विवरण की अधिक्रमानुसार स्थिति निम्नवत् हैं:**

# संस्थान तालिका





कार्यालय महानियंत्रक, एकस्व, अभिकल्प व व्यापार चिह्न के अधीनस्थ कार्यालय पूर्व से ही राजस्व उत्पादन कर रहे हैं। वर्ष 2006-07 के दौरान बौद्धिक संपदा (आईपी) प्रशासन के द्वारा, पेटेन्ट कार्यालय ने रू. 107.34 करोड़ (पेटेंट रू. 106.34 करोड़ एवं डिजाइन रू. 1.00 करोड़), व्यापार चिह्न रजिस्ट्री ने रू. 55.79 करोड़, भौगोलिक संकेत रजिस्ट्री ने रू. 3,47,370 तथा पेटेंट सूचना पद्धति एवं बौद्धिक संपदा प्रशिक्षण संस्थान ने रू. 1,56,338 का राजस्व सृजित किया है। पेटेन्ट कार्यालय (अभिकल्प स्कंध सहित), व्यापार चिह्न रजिस्ट्री एवं भौगोलिक संकेत रजिस्ट्री के लिए गैर योजना व्यय क्रमशः रू. 9.87, 4.99 करोड़ एवं रू. 26,00,000 रहा। वर्ष 2006-07 के दौरान कार्यालय महानियंत्रक, एकस्व, अभिकल्प तथा व्यापार चिह्न द्वारा कुल अर्जित राजस्व रू. 163.19 करोड़ रहा जबकि कुल गैर योजना व्यय रू. 15.13 करोड़ रहा जिससे रू. 148.06 करोड़ का राजस्व आधिक्य प्राप्त हुआ। यह आधिक्य विगत वर्ष के इसी आंकड़े की तुलना में 12% अधिक है।

## वर्ष 2006-2007 में फाइल किए गए आवेदन




## वर्ष 2006-07 में राजस्व उत्पादन(रू.)




## वर्ष 2005-06 तथा 2006-07 के दौरान उत्पादित राजस्व(रू.) का तुलनात्मक विवरण

| वर्ष | 2006-2007 | 2005-2006 |
|---|---:|---:|
| पेटेन्ट | 106,34,17,330 | 93,64,28,079 |
| डिजाइन | 1,00,80,300 | 75,60,563 |
| व्यापार चिह्न | 55,79,28,069 | 49,75,09,410 |
| जी.आई.आर. | 3,47,370 | 2,18,090 |
| पीआईएस/आईपीटीआई | 1,56,338 | 1,02,911 |
| कुल | **163,19, 29,407** | **144,18,19,053** |

## वर्ष 2005-2006 तथा 2006-2007 के दौरान गैर योजना व्यय की तुलना(रूपयों में)

| वर्ष | 2006-2007 | 2005-2006 |
|---|---|---|
| पेटेन्ट (डिजाइन सहित) | 9,87,39,224 | 5,77,88,309 |
| व्यापार चिह्न | 4,99,70,593 | 4,82,77,958 |
| जी.आई.आर | 25,00,000 | 24,98,738 |
| **कुलः** | **15,13,09,817** | **10,85,65,005** |

## पेटेन्ट आवेदनों में वार्षिक रूझान

| | 2002-2003 | 2003-2004 | 2004-2005 | 2005-2006 | 2006-2007 |
|---|---|---|---|---|---|
| क्षेत्र | 11466 | 12613 | 17466 | 24505 | **28940** |
| परिक्षित | 9538 | 10709 | 14813 | 11,569 | **14119** |
| स्वीकृत | 1379 | 2469 | 1911 | 4320 | **7539** |

## डिजाइन आवेदनों में वार्षिक रूझान

| | 2002-2003 | 2003-2004 | 2004-2005 | 2005-2006 | 2006-2007 |
|---|---|---|---|---|---|
| **क्षेत्र** | 3124 | 3357 | 4017 | 4949 | **5521** |
| **परिक्षित** | 3124 | 3228 | 4017 | 4719 | **5179** |
| **स्वीकृत** | 2364 | 2547 | 3728 | 4175 | **4431** |

## व्यापार चिह्न आवेदनों में वार्षिक रूझान

| | 2002-03 | 2003-2004 | 2004-2005 | 2005-2006 | 2006-2007 |
|---|---|---|---|---|---|
| **क्षेत्र** | 94120 | 92,251 | 78996 | 85699 | **103419** |
| **परिक्षित** | 249003 | 89958 | 72091 | 77500 | **85185** |
| **पंजीकृत** | 11190 | 39,762 | 45015 | 184325 | **109361** |

## स्वीकृत बौद्धिक संपदा अधिकार आवेदनों का तुलनात्मक रूझान

| | 2002-2003 | 2003-2004 | 2004-2005 | 2005-2006 | 2006-2007 |
|---|---|---|---|---|---|
| **पेटेन्ट** | 1379 | 2469 | 1911 | 4320 | **7539** |
| **डिजाइन** | 2364 | 2547 | 3728 | 4175 | **4431** |
| **व्यापार चिह्न** | 11190 | 39762 | 45015 | 184325 | **109361** |
| **जी.आई.आर** | - | - | 11 | 19 | **3** |

कार्यालय,महानियंत्रक, एकस्व, अभिकल्प तथा व्यापार चिह्न के तहत विभिन्न अद्यतन बौद्धिक संपदा अधिकार विनियमन, विभिन्न समारोह एवं सामान्य गतिविधियों के मुख्यांश हमारे शासकीय वेब-साइटः http://www.ipindia.nic.in पर उपलब्ध है।

कार्यालय, महानियंत्रक, एकस्व, अभिकल्प तथा व्यापार चिह्न के नियंत्रणाधीन सभी कार्यालयों की विगत वर्ष की गतिविधियों का विस्तृत विवरण आगे के पृष्ठों पर उनके संबंधित शीर्षों के तहत प्रदत्त हैं।

( वी. रवि)
महानियंत्रक, एकस्व, अभिकल्प तथा व्यापार चिह्न

बौध्दिक
सम्पदा **भारत**
एकस्व / अभिकल्प / व्यापार चिन्ह /
भौगोलिक संकेत

# पेटेन्ट अधिनियम, 1970 (यथासंशोधित)

# की धारा 155 के तहत

# 35वाँ वार्षिक प्रतिवेदन

# पेटेन्ट अधिनियम, 1970 (यथासंशोधित) की धारा 155 के तहत 35वाँ वार्षिक प्रतिवेदन

## 1. परिचय

भारतीय पेटेन्ट कार्यालय भौगोलिक रूप से चार महानगरों, कोलकाता, चेन्नई, मुम्बई एवं दिल्ली में स्थित है । कोलकाता में इसका प्रधान कार्यालय स्थित है । पेटेन्ट कार्यालय आविष्कारकों या उनके नामितों को सीमित एकाधिकार अनुदानित करने के द्वारा देश में आविष्कारों की संरक्षा से संबंधित कानून का प्रशासन करता है । पेटेन्ट अनुदान का प्रशासन पेटेन्ट अधिनियम, 1970 (यथा संशोधित) द्वारा किया जाता है ।

अधीनस्थ विधायन के अधीन पेटेन्ट नियम, 2003 पहली बार पेटेन्ट नियम (संशोधित), 2005 द्वारा संशोधित किया गया जो 1 जनवरी, 2005 से प्रभावी है। पुनः इसे पेटेन्ट नियम 2006 (यथा संशोधित) द्वारा संशोधित किया गया जो 5 मई, 2006 से प्रभावी है। नियमों में अद्यतन संशोधन का मुख्य उद्देश्य प्रधान कार्यालय की गतिविधियों को विकेन्द्रीत कर शाखा कार्यालयों के अधीन करना है जिससे कार्यालय गतिविधियों को और ज्यादा उपयोक्ता-सुगम बनाने की प्रक्रिया को सुग्रहवाही बनाया जा सके एवं दस्तावेज के प्रस्तुतिकरण में समयावधि को विस्तार दिया जा सके।

पेटेन्ट नियम के संशोधनों की मूल भावना के अनुरूप पेटेन्ट अनुदान हेतु निर्धारित समयावधि में प्रत्यक्ष कमी देखी जा रही है। उक्त संशोधन के पूर्व जहाँ पेटेन्ट अनुदान की औसत समयावधि लगभग 6 वर्ष थी वह अब घटकर 3 वर्ष से कम हो गयी है। पेटेन्ट कार्यालय का वृहत् स्तर पर कम्प्यूटरीकरण किया गया है जहाँ एक जनवरी 2005 के पश्चात प्राप्त सभी आवेदन पूर्ण रूप से कम्प्यूटरीकृत हैं (इनमें आवेदनों से संबंधित विवरण यथा वर्गीकरण, आवेदक के नाम, देश, आवेदन के प्रकार शामिल हैं। फ्रंट ऑफिस सॉफ्टवेयर के रूप में एक माड्यूल कार्य कर रहा है जिससे रोकड़ एवं बजट अनुभाग द्वारा नये पेटेन्ट आवेदनों की प्राप्ति रसीद एवं आवेदन संख्या स्व-सृजित की जा रही है। इसके अतिरिक्त सभी प्राप्त आवेदनों को आवेदन दाखिल करने के दो दिन के भीतर कार्यालय सर्वर पर अपलोड (upload) कर दिया जाता है। इस दौरान कार्यालय ने अंशतः ई-परीक्षण (e-examination) प्रारंभ कर दिया है, शीघ्र ही यहाँ ई-फाइलिंग (e-filing) की सुविधा उपलब्ध करा दी जाएगी जिससे पेटेन्ट कार्यालय अन्तर्राष्ट्रीय मानकों के साथ तालमेल बिठा पायेगी।

## 2. स्थापना


31 मार्च, 2007 को कार्यालयों में समूह ***क*** के 171, समूह ***ख*** के 6, समूह ***ग*** के 180 तथा समूह ***घ*** के 69 अधिकारी/कर्मचारी कार्यरत थे। 31 मार्च 2007 तक पेटेन्ट कार्यालय में अधिकारी/कर्मचारियों की स्वीकृत कार्मिक शक्ति तथा नियोजित कार्मिक शक्ति **परिशिष्ट- *क*** में दिखाई गई है। कार्यरत परीक्षकों की तकनीकी क्षेत्र की विशेषज्ञता का विवरण **परिशिष्ट- *क (1)*** में दिखाया गया है।

## 3. पेटेन्ट आवेदन पत्र

वर्ष 2006-07 में पेटेन्ट के लिए प्राप्त आवेदनों की संख्या 28,940 थी जो वर्ष 2005-06 में प्राप्त 24,505 आवेदनों की तुलना में लगभग 19 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। 7 आवेदन पेटेंट परिवर्धन के रूप में दाखिल किए गए।

आलोच्य वर्ष के दौरान भारत से उद्गमित पेटेन्ट आवेदनों की संख्या 5,314 थे जो कुल आवेदनों का 18 प्रतिशत था।

उक्त आवेदनों में से, जो भारत से उद्‌गमित हुए महाराष्ट्र से दाखिल आवेदनों की संख्या सर्वाधिक रही जिसके बाद क्रमशः दिल्ली, कर्नाटक, आन्ध्र प्रदेश, गुजरात तथा पश्चिम बंगाल का स्थान है। राज्य/संघशाशित प्रदेश अनुसार आवेदनों की संख्या कोष्ठक में प्रदर्शित की गई है:- महाराष्ट्र (1607), दिल्ली (1310), कर्नाटक (596), आन्ध्र प्रदेश (385), गुजरात (337), पश्चिम बंगाल (244), उत्तर प्रदेश (205), झारखंड (131), केरल (128), हरियाणा (93), पंजाब (74), राजस्थान (44), मध्य प्रदेश (33), चंडीगढ़ (23), उत्तराखंड (17), छत्तीसगढ़ (17), बिहार (14), असम (14), हिमाचल प्रदेश (10) इत्यादि।





## कन्वेंशन माध्यम

इस वर्ष दाखिल कन्वेंशन आवेदनों की संख्या 3165 थी जो पिछले वर्ष दाखिल कुल कन्वेंशन आवेदन 3509 की तुलना में लगभग 10 प्रतिशत की कमी दर्शाता है। कन्वेंशन आवेदनों की संख्या में आई कमी का कारण यह है कि अधिकांश विदेशी आवेदकों ने पी.सी.टी राष्ट्रीय फेज माध्यम से आवेदन किए।

## पी.सी.टी माध्यम द्वारा राष्ट्रीय फेज के रूप में दाखिल आवेदन

विदेश से प्राप्त आवेदनों में से अधिकांश पी.सी.टी राष्ट्रीय फेज माध्यम से दाखिल किए गए वर्ष के दौरान दाखिल ऐसे आवेदनों की संख्या 19768 रही जो विगत वर्ष के कुल 15467 आवेदनों की तुलना में लगभग 28 प्रतिशत अधिक है। संयुक्त राज्य अमेरिका से प्राप्त आवेदनों की संख्या सर्वाधिक रही जिसके पश्चात जर्मनी, जापान, स्वीटजरलैंड, नीदरलैंड, फ्रांस, युनाईटेड किंगडम, स्वीडन, कोरिया गणतंत्र तथा फिनलैंड इत्यादि का स्थान रहा। इन आवेदनों की देशानुसार संख्या कोष्ठक में प्रदर्शित की गई है:- संयुक्त राज्य अमेरिका (6955), जर्मनी(1933), जापान(1409), स्वीटजरलैंड(1077), नीदरलैंड(1073) , फ्रांस(999), युनाईटेड किंगडम(881), स्वीडन(837), कोरिया गणतंत्र(647), फिनलैंड(477), इटली(417), आस्ट्रेलिया(390), कनाडा(347), इजराइल(275), बेल्जियम(259), डेनमार्क (238), चीन(184), स्पेन(115), आस्ट्रिया(115), नार्वे(94) इत्यादि।




वर्ष 2005-06 की तुलना में आलोच्य वर्ष के दौरान विभिन्न माध्यमों से प्राप्त पेटेन्ट आवेदन एवं उद्‌गम देश तथा राज्यवार वर्गीकरण का विवरण **परिशिष्ठ-*ख*** में दर्शाया गया है।

1997-98 से 2006-07 की अवधि के दौरान विभिन्न माध्यमों से भारतीय प्रवासियों एवं अप्रवासियों से प्राप्त पेटेन्ट आवेदन **परिशिष्ट-** *ग* में दर्शाया गया है।

2002-03 से 2006-07 की अवधि के दौरान रसायन, वैद्युतिक, यांत्रिक एवं अन्य सामान्य क्षेत्रों पर विषयवार दाखिल आवेदनों के विवरण **परिशिष्ठ- *घ*** में दर्शाया गया है।

## 4. अनुदानित तथा प्रवृत्त पेटेंट

वर्ष के दौरान अनुदानित पेटेन्टों की संख्या 7,539 थी, जिनमें 1,907 भारत से उद्‌गमित थे। 31 मार्च 2007 को प्रवृत पेटेन्टों की संख्या 7,539 थी जिनमें 3,473 पेटेन्ट भारतीयों के नाम थे। कुल अनुदानित पेटेन्टों में 2,526 पेटेन्ट यांत्रिकी से, 1,989 रसायन, 798 भेषज या औषधि, 787 वैद्युतिक, 244 खाद्य तथा 869 सामान्य से संबंधित थे। वर्ष 1997-98 से वर्ष 2006-07 की अवधि के दौरान दाखिल आवेदनों की संख्या, परीक्षण हेतु अनुरोध की संख्या, परित्यक्त हुआ सा मान लिया गया आवेदन तथा अनुदानित पेटेन्ट एवं प्रवृत्त पेटेन्ट की संख्या **परिशिष्ठ-*ङ*** में प्रदर्शित किया गया है। वर्ष 2002-03 से प्रारंभ कर विगत पाँच वर्षों के दौरान विभिन्न क्षेत्रों के अन्वेषणों पर अनुदानित पेटेन्ट की संख्या **परिशिष्ट- *च*** में प्रदर्शित की गई है।

## 5. पेटेन्ट सहयोग संधि अन्तर्राष्ट्रीय आवेदन.

7 दिसम्बर 1998 को भारत पेटेन्ट सहयोग संधि में शामिल हुआ। प्रारंभ में केवल पेटेन्ट कार्यालय कोलकाता ही अन्तर्राष्ट्रीय आवेदनों का प्राप्तकर्ता कार्यालय (RO/IN) था। 19 नवम्बर 1999 से प्रभावी परिवर्तित नियमों के अनुसार शाखा कार्यालयों में भी क्षेत्रीय आधार पर आवेदन स्वीकृत करना प्रारंभ कर दिया। इन वर्षों में अन्तर्राष्ट्रीय पी.सी.टी आवेदनों की संख्या में महत्वपूर्ण वृद्धि देखी गई है। इस वर्ष के दौरान कुल 534 आवेदन प्राप्त हुए जो विगत वर्ष के 482 आवेदन की तुलना में 10 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्शाता है।

विगत पाँच वर्ष के दौरान दाखिल पी.सी.टी. अन्तर्राष्ट्रीय आवेदनों के आँकड़े निम्नवत् हैं।

| **वर्ष** | **वैयक्तिक** | **विधिक सत्ताधारी** | **कुल** |
|---|---|---|---|
| 2002-2003 | 57 | 227 | 284 |
| 2003-2004 | 102 | 328 | 430 |
| 2004-2005 | 105 | 351 | 456 |
| 2005-2006 | 130 | 352 | 482 |
| **2006-07** | **144** | **390** | **534** |

इस वर्ष के दौरान पीसीटी अंतर्राष्ट्रीय आवेदनों के मुख्य अंशदाता अलेम्बिक लिमिटेड (25), पेनेसिया वायोटेक लिमिटेड(20), लूपिन लिमिटेड (17), कैडिला हेल्थ केयर लिमिटेड (16), सीएसआईआर(15), फार्म्ड मेडिकेयर प्राइवेट लिमिटेड(15), जुबिलेंट आर्गेनोसिस लिमिटेड (13), युनिकेम लेबोरेटरी लिमिटेड (12), नैटको फार्मा लिमिटेड(12), मैट्रिक्स लेबोरट्री(10) थे जिनके साथ कोष्टक में प्रदर्शित संख्या इन कम्पनियों द्वारा दाखिल आवेदनों की संख्या दर्शाती है।

## 6. अधिनियम/नियमों के तहत विविध महत्वपूर्ण कार्यवाहियाँ

**परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में आविष्कार:** आलोच्य वर्ष के दौरान 18 आवेदन परमाणु ऊर्जा विभाग को प्रेषित किए गए जिनमें से 14 आवेदन वर्ष के दौरान निष्पादित कर दिए गए तथा 1 आवेदन परमाणु ऊर्जा के तहत निषेधात्मक पाया गया तथा अस्वीकृत कर दिये गए।

गोपनीय निदेश (धारा 35 के तहत): वर्ष के दौरान सक्षम प्राधिकारी द्वारा कोई भी गोपनीय निदेश जारी नहीं किया गया।

**आवेदनों का आहरण(धारा 11 बी के तहत):** वर्ष के दौरान 33 आवेदनों का आहरण किया गया।

**व्यपगत पेटेन्टों का प्रत्यावर्तन:** व्यपगत पेटेन्टों के प्रत्यावर्तन के लिए 48 आवेदन प्राप्त किए गए तथा 10 आवेदन प्रत्यावर्तित किए गए।

अनुदानपूर्व-आपत्ति [धारा 25(1) के तहत]: इस धारा के तहत आपत्ति के रूप में 44 आवेदन प्राप्त किए गए जिनमें से 19 आवेदनों का निपटान कर दिया गया ।

**अनुमति(धारा 39 के तहत)** : इस धारा के तहत भारत को छोड़कर अन्य देशों में आवेदन दाखिल करने हेतु 1002 अनुमतियाँ प्रदान की गई।

पेटेन्ट अभिकर्त्ताओं का पंजीकरण: वर्ष के दौरान 38 नए पंजीकरण किए गए। 31 मार्च 2007 को पंजीकृत पेटेन्ट अभिकर्ताओं की कुल संख्या 869 थी। पेटेंट अभिकर्त्ता के रूप पंजीकरण हेतु दक्षता परीक्षा वर्ष में दो बार आयोजित की जाती है जिसमें शामिल होने के लिए अभ्यर्थियों में काफी उत्साह देखा गया।

## 7. विदेशी दौरे तथा जागरूकता कार्यक्रम:

वर्ष के दौरान 15 पेटेन्ट परीक्षकों ने जैव-तकनीकी तथा कम्प्यूटर विज्ञान, जिसमें बौद्धिक संपदा से संबंधित विषयों पर जोर था, के क्षेत्र में टोकियो, जापान में APIC (एशिया पेशिफिक ट्रेनिंग सेन्टर) द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भागीदारी की। एक परीक्षक औषधि तथा जैव-चिकित्सा आविष्कार के क्षेत्र में खोज एवं परीक्षण पर मनीला, फिलिपिंस में आयोजित क्षेत्रिय कार्यशाला में हिस्सा लिया।

यूरोपियन संघ ने वर्ष के दौरान विभिन्न अवधि में भारत सरकार, वाणिज्य व उद्योग मंत्रालय के साथ मिलकर चेन्नई, दिल्ली, कोलकाता, मुम्बई स्थित पेटेन्ट कार्यालयों तथा बौद्धिक संपदा प्रशिक्षण संस्थान, नागपुर में बौद्धिक संपदा अधिकार (पेटेन्ट) पर **EU-INDIA Trade and Investment Development Programme (EU-TIDP)** शीर्षक एक सप्ताह की कार्यशाला का आयोजन किया जिसमें औषधि, रसायन, जैव-तकनीक तथा वायो-इनफोर्मेटिक्स विषय शामिल थे।


पेटेन्ट कार्यालय द्वारा वर्ष के दौरान बौद्धिक संपदा अधिकारों पर कई जागरूकता गतिविधियाँ चलाई गई। कार्यालय ने वर्ष के दौरान 55 विभिन्न कार्यक्रम, सेमिनार, व्याख्यान में हिस्सा लिया। पेटेन्ट कार्यालय के अधिकारियों ने देश के विभिन्न भागों में स्थित कई संस्थानों, कॉलेज तथा विश्वविद्यालयों में बौद्धिक संपदा अधिकार विषयक व्याख्यान दिए।

इन कार्यशालाओं में निम्नलिखित ख्यातिप्राप्त वक्ताओं ने पेटेन्ट कार्यालय के नियंत्रक एवं परीक्षकों के लाभार्थ विशेष व्याख्यान प्रस्तुत किए:-

डॉ. लियेन्डर ए. फाइलर, पूर्व सलाहकार, यूरोपियन पेटेन्ट कार्यालय
श्री इमैनुअल एडविन येल्श, यूरोपियन पेटेन्ट अधिवक्ता,
डॉ. मालती लक्ष्मीकुमारन, आई.पी.आर. सलाहकार,
डॉ. फिलिप ग्रब, आई.पी.आर. सलाहकार, पूर्व आई.पी.अधिवक्ता, नोवार्टिस

डॉ. मोहन देवान, पेटेन्ट एवं व्यापार चिह्न अधिवक्ता,
सुश्री अश्विनी सांडु, पेटेन्ट अधिवक्ता,
श्री एस. मजूमदार, आई.पी.आर. अधिवक्ता

इन अवसरों पर लिए गए कुछ छायाचित्र निम्नप्रदर्शित हैं:-



कोलकाता (18 सितम्बर 2006)




दिल्ली 6 नवम्बर 2006



नागपुर 21 अगस्त 2006



मुम्बई 28 अगस्त 2006




चेन्नई (26 सितम्बर 2006)

## 8. राजस्व एवं व्यय

पेटेन्ट कार्यालयों ने इस वर्ष के दौरान अधिनियम एवं नियमों के तहत विभिन्न कार्यवाहियों से शुल्क के रूप में रू. 106.34 करोड़ का राजस्व अर्जित किया। वर्ष के दौरान तदनुरूपी स्थापना संबंधी व्यय (डिजाइन प्रशासन सहित) रू. 9.87 करोड़ रही। पेटेंट मद में शुल्क के रूप में अर्जित राजस्व का विवरण **परिशिष्ट छ** में दिया गया है।

## 9. सामान्य सूचना

पेटेंट कार्यालय, कोलकाता तथा मुम्बई, दिल्ली एवं चेन्नई स्थित उसके शाखा कार्यालयों के वैज्ञानिक तथा तकनीकी पुस्तकालय जनता को परामर्श तथा संदर्भ के क्षेत्र में सुविधा प्रदान करते रहे। सुविधाओं का विभिन्न अनुसंधान व औधोगिक संस्थानों के आविष्कारक अन्य जनता तथा विभिन्न विश्वविधालयों में अनुसंधानरत विद्वानों ने और अधिक उपयोग किया।

वर्ष के दौरान पेटेन्ट कार्यालय ने 55,973 गजट, 15,464 सीडी रोम, 5,897 भारतीय तथा विदेशी पुस्तकें प्राप्त/ग्रहण किए ।

भारतीय तथा वैदेशिक पेटेंट विनिर्देश अन्य प्रकाशनों के माध्यम से स्वाध्याय और संदर्भ कार्यों के संपादन हेतु पेटेंट कार्यालय, कोलकाता तथा मुम्बई, दिल्ली एवं चेन्नई स्थित इसके शाखा कार्यालयों के पुस्तकालय में कुल 3,330 व्यक्ति आए । इन कार्यालयों के अन्वेषण कक्ष तथा पुस्तकालयों का समीचीन उपयोग वैज्ञानिकों एवं तकनीशियनों इत्यादि ने किया।

## 10. सूचना अधिकार अधिनियम 2005 के तहत प्रदत्त सूचना:

वर्ष के दौरान कुल 113 अनुरोध प्राप्त हुए एवं सभी अनुरोधों के संदर्भ में आवश्यक समुचित कार्रवाई की गई। इस दौरान रू. 6,284 का राजस्व अर्जित हुआ जिसमें विभिन्न छायाप्रति शुल्क शामिल हैं।

---------- ### ----------

# स्वीकृत व नियोजित कार्मिक शक्ति

## 31 मार्च , 2007 को कार्मिक शक्ति संबंधी विवरण

| क्रम | पदों के नाम | श्रेणी | स्वीकृत कार्मिक शक्ति (नियमित) | | | | | नियोजित कार्मिक शक्ति (नियमित) | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | कलकत्ता | मुम्बई | चेन्नई | दिल्ली | योग | कलकत्ता | मुम्बई | चेन्नई | दिल्ली | योग |
| 1. | वरिष्ठ संयुक्त नियंत्रक, एकस्व व अभिकल्प | समूह -क | - | - | 1 | - | 1 | - | - | 1 | - | 1 |
| 2. | संयुक्त नियंत्रक, एकस्व व अभिकल्प | समूह -क | | - | 1 | - | 1 | - | - | 1 | - | 1 |
| 3. | उप नियंत्रक, एकस्व व अभिकल्प | समूह -क | 2 | 2 | 1 | 2 | 7 | 2 | 1 | - | 2 | 5 |
| 4. | सहायक नियंत्रक, एकस्व व अभिकल्प | समूह -क | 8 | 8 | 8 | 9 | 33 | 8 | 8 | 8 | 7 | 31 |
| 5. | परीक्षक, एकस्व व अभिकल्प | समूह -क | 34 | 30 | 42 | 50 | 156 | 30 | 20 | 39 | 44 | 133 |
| | | कुल :- | 44 | 40 | 53 | 61 | 198 | 40 | 29 | 49 | 53 | 171 |
| 1. | हिन्दी अधिकारी | समूह -ख | 1 | - | - | - | 1 | 1 | - | - | - | 1 |
| 2. | सहायक पुस्तकाध्यक्ष व सूचना अधिकारी | समूह -ख | 1 | - | - | - | 1 | 1 | - | - | - | 1 |
| 3. | प्रशासनिक अधिकारी | समूह -ख | 1 | 1 | 1 | 1 | 4 | 1 | 1 | 1 | 1 | 4 |
| | | कुल :- | 3 | 1 | 1 | 1 | 6 | 3 | 1 | 1 | 1 | 6 |

## 31 मार्च , 2007 को कार्मिक शक्ति संबंधी विवरण

| क्रम | पदों के नाम | श्रेणी | स्वीकृत कार्मिक शक्ति (नियमित) | | | | | नियोजित कार्मिक शक्ति (नियमित) | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | कलकत्ता | मुम्बई | चेन्नई | दिल्ली | योग | कलकत्ता | मुम्बई | चेन्नई | दिल्ली | योग |
| 1. | अधीक्षक | समूह -ग | 5 | 3 | 3 | 3 | 14 | 5 | 3 | 3 | 3 | 14 |
| 2. | पुस्तकालय सुचना सहायक | समूह -ग | 1 | 1 | 1 | 2 | 5 | 1 | 1 | 1 | 2 | 5 |
| 3. | हिन्दी अनुवादक | समूह -ग | 2 | 1 | 1 | 1 | 5 | 1 | - | 1 | 1 | 3 |
| 4. | छायाप्रति सहायक | समूह -ग | 1 | 1 | 1 | 1 | 4 | 1 | 1 | 1 | 1 | 4 |
| 5. | सहायक | समूह -ग | 13 | 8 | 9 | 10 | 40 | 16 | 8 | 7 | 9 | 40 |
| 6. | आशुलिपिक श्रेणी - I | समूह -ग | - | 2 | - | 1 | 3 | - | 2 | - | 1 | 3 |
| 7. | प्रवर श्रेणी लिपिक | समूह -ग | 36 | 5 | 7 | 9 | 57 | 39 | 3 | 6 | 6 | 54 |
| 8. | आशुलिपिक श्रेणी - II | समूह -ग | 4 | - | 2 | 1 | 7 | 4 | - | 2 | 1 | 7 |
| 9. | कनिष्ठ आशुलिपिक श्रेणी - III | समूह -ग | 1 | 2 | - | - | 3 | 1 | - | - | - | 1 |
| 10. | निम्न श्रेणी लिपिक | समूह -ग | 24 | 6 | 10 | 15 | 55 | 21 | - | 11 | 15 | 47 |
| 11. | हिन्दी टंकक | समूह -ग | - | 1 | - | - | 1 | - | 1 | - | - | 1 |
| | | कुल :- | 87 | 30 | 34 | 43 | 194 | 89 | 19 | 32 | 39 | 179 |

# 31 मार्च , 2007 को कार्मिक शक्ति संबंधी विवरण

| क्रम | पदों के नाम | श्रेणी | स्वीकृत कार्मिक शक्ति (नियमित) | | | | | नियोजित कार्मिक शक्ति (नियमित) | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | कलकत्ता | मुम्बई | चेन्नइ | दिल्ली | योग | कलकत्ता | मुम्बई | चेन्नइ | दिल्ली | योग |
| 1. | अभिलेख पाल | समूह -घ | 1 | - | - | 1 | 2 | 1 | - | - | 1 | 2 |
| 2. | दफ्तरी | समूह -घ | 14 | 2 | 2 | 4 | 22 | 14 | 2 | 2 | 4 | 22 |
| 3. | चपरासी/पत्रवाहक | समूह -घ | 23 | 4 | 6 | 5 | 38 | 23 | 3 | 5 | 5 | 36 |
| 4. | फरास | समूह -घ | 3 | - | - | - | 3 | 3 | - | - | - | 3 |
| 5. | दरवान | समूह -घ | 1 | - | - | - | 1 | 1 | - | - | - | 1 |
| 6. | माली | समूह -घ | 1 | - | - | - | 1 | 1 | - | - | - | 1 |
| 7. | चौकीदार | समूह -घ | 1 | - | - | - | 1 | 1 | - | - | - | 1 |
| 8. | प्रहरी-सह-दरवान | समूह -घ | - | 1 | 1 | - | 2 | - | 1 | 1 | - | 2 |
| 10. | सफाइ वाला -सह-फरास | समूह -घ | - | 1 | 1 | 1 | 3 | - | - | 1 | - | 1 |
| | | कुल :- | 44 | 8 | 10 | 11 | 73 | 44 | 6 | 9 | 10 | 69 |
| | | | | | | | | | | | | |

# नियोजित परीक्षकों के विशिष्ट तकनीकी कार्यक्षेत्र के विवरण

| विस्तृत विशिष्ट तकनीकी क्षैत्र | परीक्षकों की संख्या |
|---|---|
| वैद्युतिक अभियंत्रणा | 12 |
| यांत्रिकी अभियंत्रणा | 21 |
| इलेक्ट्रॉनिक्स व दूरसंचार अभियंत्रणा | 12 |
| सिविल अभियंत्रणा | 05 |
| वस्त्र अभियंत्रणा | 03 |
| जैव-तकनीकी | 12 |
| कम्प्यूटर विज्ञान | 05 |
| रसायन | 32 |
| जातुकर्म | 01 |
| भैतिकी | 03 |
| माइक्रोवायोलॉजी | 12 |
| वायो-इनफॉर्मेटिक्स | 01 |
| पशु-चिकित्सा | 01 |
| उत्पादन व औद्योगिक अभियंत्रणा | 02 |
| जैव-रसायन | 07 |
| कृषि | 01 |
| पोलिमर विज्ञान | 02 |
| कुलः | 133 |

## पेटेंट के लिए 2005-2006 की तुलना में 2006-2007 में फाइल किए गए आवेदनों का उद्‌गम राज्य या राष्ट्र के अनुसार तुलनात्मक वर्गीकरण

| राष्ट्र / राज्य / संघ राज्य क्षेत्र का नाम | सामान्य आवेदनों की संख्या | | अभिसमय आवेदनों की संख्या | | नेशनल फेज आवेदन | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2006-07 | 2005-06 | 2006-07 | 2005-06 | 2006-07 | 2005-06 |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| महाराष्ट्र | 1607 | 1233 | 14 | 26 | 182 | 172 |
| दिल्ली | 1310 | 1018 | 03 | - | 76 | - |
| तमिलनाडु | 02 | 433 | - | - | 7 | - |
| पं.बंगाल | 244 | 214 | 04 | - | 01 | - |
| गुजरात | 337 | 203 | - | 1 | 05 | 1 |
| कर्नाटक | 596 | 428 | 01 | - | 11 | - |
| केरल | 128 | 96 | - | - | 5 | - |
| उत्तर प्रदेश | 205 | 193 | - | - | 04 | - |
| हरियाणा | 93 | 93 | - | - | 02 | - |
| आन्ध्र प्रदेश | 385 | 408 | - | - | 52 | - |
| मध्य प्रदेश | 33 | 55 | - | - | 01 | - |
| बिहार | 14 | 29 | - | - | 02 | - |
| पंजाब | 74 | 29 | - | - | - | - |
| राजस्थान | 44 | 17 | - | - | 01 | - |
| उड़िसा | 19 | - | - | - | - | - |
| असम | 14 | 15 | 01 | - | - | - |
| गोआ | - | - | - | - | - | - |
| पांडिचेरी | 02 | 5 | - | - | - | - |
| हिमाचल प्रदेश | 10 | 10 | - | - | - | - |
| जम्मू और कश्मीर | 03 | 4 | - | - | - | - |
| चंडीगढ़ | 23 | 15 | - | - | - | - |
| झारखंड | 131 | 15 | - | - | - | - |
| मेघालय | 03 | - | - | - | - | - |
| उत्तराखंड | 17 | 3 | - | - | - | - |
| संघ शासित क्षेत्र दमन | 01 | - | - | - | - | - |
| छत्तीसगढ़ | 17 | 3 | - | - | - | - |
| मिजोरम | 01 | - | - | - | - | - |
| दादर व नागर हवेली | 01 | - | - | - | - | - |
| नागालैंड | | | | | - | |
| कुल :- | **5314** | **4521** | **23** | **27** | **349** | **173** |

## राष्ट्रमंडल देश

| | 2006-07 | 2005-06 | 2006-07 | 2005-06 | 2006-07 | 2005-06 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| *युनाइटेड किंगडम | 06 | 11 | 46 | 50 | 881 | 735 |
| *आस्ट्रेलिया | 03 | 8 | 11 | 25 | 390 | 339 |
| *कनाडा | 06 | 20 | 78 | 116 | 347 | 360 |
| *आयरलैंड | 01 | - | - | 1 | 53 | 35 |
| *श्रीलंका | 01 | - | 01 | - | 02 | - |
| *न्युजिलैंड | - | - | 02 | 1 | 37 | 40 |
| कुल | **17** | **39** | **138** | **193** | **1710** | **1509** |

## उत्तर व दक्षिण अमेरिका

| | 2006-07 | 2005-06 | 2006-07 | 2005-06 | 2006-07 | 2005-06 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| संयुक्त राज्य अमेरिका | 298 | 393 | 1781 | 1078 | 5874 | 4053 |
| मैक्सिको | - | - | - | 3 | 9 | - |
| वेनेजुएला | - | - | - | - | - | - |
| ब्राजील | - | 4 | 6 | 7 | 45 | 22 |
| अर्जेन्टीना | - | - | 1 | 1 | 3 | 2 |
| वेस्ट इंडिज | 02 | - | - | - | 5 | 1 |
| पनामा | - | - | 1 | 7 | 1 | 1 |
| उरूग्वे | - | - | - | - | - | 2 |
| बी.भी. आइलैंड | - | - | 2 | 4 | 11 | 17 |
| वरमूढ़ा | - | - | - | - | 6 | 1 |
| बारबाडोज | - | - | - | 1 | 7 | 3 |
| बाहमाज | - | - | 1 | - | 5 | - |
| क्यूबा | | 1 | 1 | - | 22 | 9 |
| कोस्टारिका | | - | - | - | - | - |
| बेलाइज | | - | - | - | 1 | - |
| व्रिटिश बेस्ट इंडिज | 01 | - | - | - | - | 1 |
| कोलम्बिया | - | - | - | - | 03 | - |
| व्रिटिश वर्जिनिया | - | - | - | - | 03 | - |
| कायमन आइलैंड | - | - | - | - | 01 | - |
| चीली | - | - | - | - | 02 | - |
| उत्तर व दक्षिण अमेरिका के अन्य देश | 03 | - | 05 | - | 01 | - |
| कुल :- | **304** | **398** | **1168** | **1793** | **7090** | **5989** |

# युरोप

| | 2006-07 | 2005-06 | 2006-07 | 2005-06 | 2006-07 | 2005-06 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| जर्मनी | 46 | 96 | 350 | 289 | 1933 | 1351 |
| फ्रांस | 15 | 22 | 212 | 178 | 999 | 822 |
| स्वीटजरलैंड | 63 | 48 | 190 | 127 | 1077 | 752 |
| स्वीडन | 04 | 9 | 20 | 62 | 837 | 467 |
| रसिया | - | - | 05 | 1 | 40 | 33 |
| नीदरलैंड | 02 | 8 | 33 | 12 | 1073 | 817 |
| इटली | 16 | 11 | 143 | 73 | 417 | 293 |
| हंगरी | - | - | - | - | 49 | 17 |
| आस्टीया | 02 | 1 | 19 | 14 | 115 | 85 |
| बेल्जियम | - | 3 | 09 | 9 | 259 | 140 |
| डेनमार्क | - | 1 | 07 | 4 | 238 | 192 |
| लग्जमवर्ग | - | - | - | 2 | 28 | 37 |
| युगोस्लाविया | - | - | - | - | - | - |
| नार्वे | - | 1 | 05 | 2 | 94 | 60 |
| स्पेन | - | 1 | 12 | 7 | 115 | 98 |
| फिनलैंड | 02 | 3 | 17 | 8 | 477 | 201 |
| लिचेन्सटिन | - | - | - | 1 | 14 | 7 |
| आइसलैंड | 06 | 7 | 01 | - | 11 | 4 |
| पूर्तगाल | - | - | 01 | 1 | 10 | 5 |
| साइप्रस | - | - | 01 | 7 | 06 | 10 |
| चैनल आइजैलड | - | - | - | 1 | - | 5 |
| टर्की | 01 | 1 | 01 | - | 07 | 3 |
| चेक रिपब्लिक | 01 | 1 | 03 | 2 | 14 | 6 |
| पोलैंड | - | - | - | - | 06 | 7 |
| इस्टोनिया | - | - | - | - | - | - |
| लात्विया | - | - | - | - | - | 3 |
| रूमानिया | - | - | - | - | 02 | - |
| स्लोवानिया | - | - | 01 | - | 15 | 1 |
| स्लोवाकिया | - | - | - | - | 01 | 3 |
| मोनाको | - | - | - | - | 04 | 3 |
| युक्रेन | - | - | 01 | - | 01 | 4 |
| क्रोएशिया | - | - | - | - | - | 08 |
| ग्रीस | - | - | - | - | 03 | 03 |
| **वोस्निया व हर्जेगोविना** | - | - | - | - | - | - |
| **जॉर्जिया** | - | | - | | - | - |
| बुल्गारिया | - | | - | | - | 3 |
| इ.पी. देश | - | - | 04 | - | 39 | 195 |
| कुल :- | **162** | **213** | **1035** | **800** | **7889** | **5628** |

## अफ्रिका

| | 2006-07 | 2005-06 | 2006-07 | 2005-06 | 2006-07 | 2005-06 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| द. अफ्रिका | - | - | 02 | 4 | 57 | 48 |
| स्वाजीलैंड | - | 1 | - | 11 | - | 29 |
| मारिसश | - | - | - | - | - | **2** |
| तंजाम | - | - | - | - | - | - |
| माल्टा | 01 | - | - | - | 03 | - |
| इजिप्ट | - | | - | | 02 | 03 |
| अन्य अर्फिकी देश | - | - | - | - | 04 | - |
| **कुल** | **1** | **1** | **2** | **15** | **66** | **82** |

## एशिया

| | 2006-07 | 2005-06 | 2006-07 | 2005-06 | 2006-07 | 2005-06 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| जापान | 52 | 137 | 426 | 358 | 1409 | 1060 |
| रिपब्लिक आंफ चायना | 45 | 32 | 84 | 60 | 184 | 132 |
| रिपब्लिक आंफ कोरिया | 22 | 76 | 175 | 145 | 647 | 458 |
| इजरायल | 01 | 5 | 05 | 7 | 275 | 210 |
| ताइवान | 80 | 98 | 80 | 86 | 13 | 11 |
| हॉगकॉग | 01 | 03 | 07 | 7 | 14 | 9 |
| संयुक्त अरब अमीरात | - | - | 01 | - | 05 | 1 |
| थाइलैंड | 02 | 4 | 01 | 4 | - | - |
| मलेशिया | 02 | 3 | 02 | 7 | 12 | 10 |
| सिंगापुर | - | - | 17 | 4 | 85 | 47 |
| फिलिपिन्स | - | - | - | - | 02 | 1 |
| सऊदी अरबिया | 01 | - | - | - | 08 | 3 |
| कजाखस्तान | - | - | - | - | 02 | 4 |
| इन्डोनेशिया | - | - | - | 2 | - | - |
| क्रोएशिया | - | - | -- | - | 05 | - |
| उपबेकिस्तान | - | - | - | - | - | 1 |
| नेपाल | 02 | - | -- | - | -- | - |
| पाकिस्तान | 01 | - | -- | - | -- | - |
| सर्बिया व मोन्टेग्रो | - | - | - | - | 01 | - |
| लेबनान | - | - | - | - | 01 | - |
| अन्य देश | - | 01 | 01 | 01 | 02 | 09 |
| **योग :** | **209** | **357** | **799** | **681** | **2736** | **1967** |
| **पूर्ण योगफल :** | **6007** | **5529** | **3165** | **3509** | **19768** | **15467** |

## पिछले दस वर्षों में प्रवासी और अप्रवासियों से विभिन्न माध्यम से प्राप्त आवेदनों की संख्या का विवरण

| आवेदक | 1997-1998 | 1998-1999 | 1999-2000 | 2000-2001 | 2001-2002 | 2002-2003 | 2003-2004 | 2004-2005 | 2005-2006 | 2006-07 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| प्रवासी | 1926 | 2247 | 2206 | 2179 | 2371 | 2693 | 3218 | 3630 | 4521 | **5314** |
| अप्रवासी | | | | | | | | | | |
| साधारण | 8229 | 6707 | 2349 | 2160 | 1870 | 1723 | 1678 | 3165 | 1008 | **693** |
| कन्वेंशन | - | - | - | - | - | - | - | - | 3509 | **3165** |
| | | | | | | | | | 15467 | **19768** |
| पी.सी.टी. के तहत नेशनल फेज आवेदन | - | - - | 269 | 4164 | 6351 | 7049 | 7717 | 10671 | 15467 | **19768** |
| **कुल योगः-** | **10155** | **8954** | **4824** | **8503** | **10592** | **11466** | **12613** | **17466** | **24505** | **28940** |

## आविष्कार के विविध क्षेत्रों के अंतर्गत सत्र 2002-2003 से 2006-2007 तक विगत पांच वर्षों के दौरान फाइल द्धि ए गए पेटेंट आवेदनों की संख्या

| वर्ष | रासायनक | औषध | खाद्य | वैद्युतिक | यांत्रिक | कम्प्यूटर/इलेक्ट्रॉनिक्स | जैव प्रौद्योगिकी | सामान्य | कल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2002-2003 | 776 | 966 | 119 | 690 | 1,257 | | 46 | 562 | 4,416* |
| 2003-2004 | 2952 | 2525 | 123 | 2125 | 2717 | | 23 | 2148 | 12613 |
| 2004-2005 | 3916 | 2316 | 190 | 1079 | 3304 | 2787 | 1214 | 2659 | 17466 |
| 2005-2006 | 5810 | 2211 | 101 | 1274 | 4734 | 5700 | 1525 | 3150 | 24505 |
| 2006-2007 | **6354** | **3239** | **1223** | **2371** | **5536** | **5822** | **2774** | **1621** | **28940** |

*पी.सी.टी. नेशनल फेज आवेदनों को छोड़कर

परिशिष्ट "ङ"

## वर्ष 1997-98 से 2006-07 के दौरान पिछले पाँच वर्षों में विभिन्न क्षेत्रों से फाइल किए गए आवेदनों का विवरण

| वर्ष | फाइल किये गये आवेदनों की संख्या | जांच के लिए अनुरोधों की कुल संख्या | पूर्ण विनिर्देश दाखिल नहीं करने के कारण धारा 9(1) तहत परित्यक्त मान लिए गये आवेदनों की संख्या | पूर्ण विनिर्देश के अस्वीकृत होने के कारण धारा 21(1) तहत परित्यक्त समझे गये आवेदनों की कुल संख्या | मुद्रांकित किए गए पेटेंटो की संख्या | | प्रवृत्त पेटेंट की संख्या | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | भारतीय | विदेशी | भारतीय | विदेशी |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1997-1998 | 10155 | | 59 | 803 | 619 | 1225 | 2047 | 6882 |
| 1998-1999 | 8954 | | 820 | 804 | 645 | 1155 | 2088 | 6691 |
| 1999-2000 | 4824 | | 262 | 1954 | 557 | 1324 | 2200 | 6458 |
| 2000-2001 | 8503 | | 89 | 460 | 399 | 919 | 1495 | 6530 |
| 2001-2002 | 10592 | | 325 | 1031 | 654 | 937 | 1578 | 6742 |
| 2002-2003 | 11466 | | 290 | 1633 | 494 | 885 | 1479 | 6519 |
| 2003-2004 | 12613 | 12362 | 933 | 1695 | 945 | 1524 | 2075 | 4331 |
| 2004-2005 | 17466 | 19001 | 267 | 775 | 764 | 1147 | 2200 | 4657 |
| 2005-2006 | 24505 | 21926 | 414 | 894 | 1396 | 2924 | 4486 | 11933 |
| 2006-2007 | **28940** | **20645** | **694** | **1121** | **1907** | **5632** | **3473** | **13593** |

*परिशिष्ट "च"*

## आविष्कार के विविध क्षेत्रों के अंतर्गत सत्र 2001-2002 से 2005-2006 तक विगत पांच वर्षों के दौरान अनुदानित पेटेंटो की संख्या

| वर्ष | रासायनिक | औषध | खाद्य | वैद्युतिक | यांत्रिक | कम्प्यूटर/इलेक्ट्रॉनिक्स | जैव प्रौद्योगिकी | सामान्य | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2002-2003 | 399 | 312 | 67 | 118 | 228 | | | 255 | 1379 |
| 2003-2004 | 609 | 419 | 110 | 396 | 539 | | | 401 | 2469 |
| 2004-2005 | 573 | 192 | 67 | 245 | 414 | 71 | 71 | 278 | 1911 |
| 2005-2006 | 1140 | 457 | 140 | 451 | 1448 | 136 | 51 | 497 | 4320 |
| 2006-07 | 1989 | 798 | 244 | 787 | 2526 | 237 | 89 | 869 | 7539 |

परिशिष्ट "छ"

## पेटेंट अधिनियम तथा नियम के तहत विभिन्न कार्यवाहियों के लिए 2006-2007 में प्राप्त शुल्क

| एकत्रित शुल्क के संदर्भ | कुल प्राप्त राशि (रुपए में) |
|---|---|
| 1 | 2 |
| (1) धारा 5(2),7,54 व 135 तथा धारा 20(1) के तहत पीसीटी राष्ट्रीय फेज के लिए पेटेंट आवेदन | 581947000 |
| (2) धारा 11 ख तथा नियम 24(1) के तहत पेटेंट आवेदनों के परीक्षण हेतु अनुरोध<br>(क) नियम 24 ख (1)(i)<br>(ख) नियम 20(4)(ii) | 195398700 |
| (3) नियम 138 के अतिरिक्त विभिन्न कार्यवाहियों के तहत समय विस्तार हेतु अनुरोध | 9066100 |
| (4) (i) धारा 20(i) के तहत दावा | 2177500 |
| (4) (ii) धारा 20(5) या 20(4) के तहत निर्देश के लिए अनुरोध | 51000 |
| (5) धारा 25 के तहत पेटेंट अनुदान के विरोध में सुचना | 160500 |
| (5क) समय विस्तार के लिए आवेदन | 2000 |
| (6) नियम 62 (2) के तहत नियंत्रक के समक्ष सुनवाई में उपस्थित होने की सूचना | 78000 |
| (7) धारा 28(2), 28(3), 28(7) के तहत आवेदन | 179000 |
| (7क) संपूर्ण विनिर्देश से संदर्भ का विलुप्तीकरण | 2000 |
| (8) धारा 11 क(2) तथा नियम 23(ख) के तहत प्रकाशन हेतु अनुरोध | 4530000 |
| (9) धारा 44 के तहत पेटेंट के संशोधन हेतु आवेदन | 56500 |
| (10) धारा 53 के तहत पेटेंट के नवीकरण हेतु | 201960600 |
| (11) धारा 57 के तहत पेटेंट आवेदन / संपूर्ण विनिर्देश के परिशोधन हेतु आवेदन | 6439300 |

| | |
|---|---|
| **(12) धारा 60 के तहत अतिरिक्त फीस के साथ जहाँ लागू हो किसी पेटेन्ट के प्रत्यावर्तन के लिए आवेदन पत्र** | 523000 |
| (13) धारा 69(1) या 69(2) व नियम 74(1), 74(2), या 74(3) **एवं नियम** 90 (1), 90 (2) के तहत पेटेंट के लिए हकदार या हिस्सेदार या बंधककर्त्ता या समनुदेशिती, या अन्यथा के रुप में किसी व्यक्ति के नाम को पेटेंट पंजी मे इंदराज करने के लिए अथवा किसी प्रलेख **की** अधिसूचना को पेटेंट पंजी में दर्ज करने के लिए आवेदन पर | 1025000 |
| (14) नियम 94(1) या नियम 118 के तहत पेटेंट रजिस्टर में या पेटेंट एजेंट के रजिस्टर में बदलाव के लिए आवेदन | 211300 |
| (15) धारा 94(3) के तहत पेटेंट पंजी में अतिरिक्त सेवार्थ पते की प्रविष्टि हेतु अनुरोध पर | 6000 |
| (16) नियम 109 (1) दृ 112 के तहत पेटेंट अभिकर्ता के रुप में पंजीकरण हेतु आवेदन पर | 328000 |
| (16क) पंजी में एजेंट के नाम में प्रत्यावर्तन फार्म-23 | 2000 |
| (17) नियम 109(3) के तहत अर्हता परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए अनुरोध पर | 745000 |
| (18) पेटेंट अभिकर्ता की पंजी में किसी व्यक्ति के नाम के पंजीकरण हेतु नियम 109 या 112 के तहत | 42000 |
| (18क) पेटेंट एजेंट के लिए नकल प्रमाण-पत्र | 3000 |
| (19) पेटेंट एजेंट के रजिस्टर में नाम के अनुवर्तीकरण के लिए अनुवर्ती फीस | 1065500 |
| (20) धारा 78(2) के तहत लिपिकीय त्रुटियों के परिमार्जन हेतु अनुरोध पर | 55000 |
| (21) धारा 77(1) (एफ) या 77(1) (जी) के तहत नियंत्रक के निर्णय/ आदेश की संवीक्षा अपास्त करने के आवेदन पर | 229000 |
| (22) धारा 39 तथा नियम 71(1) के तहत भारत से बाहर पेटेट आवेदन करने की आज्ञा हेतु अनुरोध | 2606000 |
| (22क) नकल पेटेंट के लिए आवेदन | 4000 |
| (23) धारा 72 के तहत अभिप्रमाणित प्रतियां के लिए अनुरोध पर या धारा 147 नियम 133 के तहत प्रमाण-पत्र हेतु | 7143000 |
| (24) धारा 72 के तहत पंजी का निरीक्षण, नियम 27 या नियम 38 या नियम 74 (क) के तहत निरीक्षण हेतु अनुरोध | 843000 |
| (25) धारा 153 के तहत सूचना हेतू अनुरोध पर | 385500 |

| | |
|---|---|
| (26) नियम 137, 138 के तहत अभ्यावेदन | 34827000 |
| (27) अन्तरराष्ट्रीय आवेदन हेतु सम्पारेषण शुल्क | 3236000 |
| (27क) अग्रता प्रलेख की अभिप्रमाणित प्रति तैयार करने के लिए एवं उसे अन्तरारष्ट्रीय व्यूरो सम्पारेषण हेतु | 1585000 |
| (29) प्रलेख के प्रत्येक पृष्ठ को जेरक्स प्रतियों की आपूर्ति हेतु | 586588+770 यू.एस.डालर |
| (30) डाक प्रभार पर प्राप्ति | 13235 |
| (31) मुद्रित विनिर्देश की आपूर्ति | 3400 |
| (32) वार्षिक प्रतिवेदन की आपूर्ति | 24400 |
| (33) भारत के राजपत्र की आपूर्ति | 35560 |
| (34) शासकीय जर्नल की आपूर्ति | 1001600 |
| (35) अन्यान्य प्राप्तियाँ | 4596047 |
| ***कुल योग :-*** | **1063417330+770 USD** |

# डिजाइ्ा अधिायिम, 2000 के तहत वर्ष 2006-2007 का

# वार्षिक प्रतिवेदा

## 1. परिचय:

डिजाइन अधिनियम, 2000 कार्यालय महानियंत्रक, एकस्व, अभिकल्प व व्यापार चिह्न तथा भौगोलिक संकेत के अधीन पेटेंट कार्यालय, कोलकता के डिजाइन स्कंध के माध्यम से शासित होता है।

डिजाइन अधिनियम, 2000 अपने पूववर्ती 1911 के अधिनियम को निरस्त कर दिनांक:11 मई 2001 से प्रभावी हुआ। डिजाइन अधिनियम, 2000 बौद्धिक संपदा अधिकार के एक अवयव के रूप में औद्योगिक अभिकल्प के पंजीकरण एवं संरक्षण का अवसर प्रदान करता है। इसके अन्तर्गत विद्यमान पंजीकृत अभिकल्पों तथा अन्यान्य उत्तर पंजीकरण कार्य के प्रतिलिप्यधिकार अवधि का विस्तार शामिल है। इसमें ऐसी गतिविधियों की परख है जो पृष्ठ के ढंग तथा साज-सज्जा तथा पंक्तियों एवं रंग के संयोजन के साथ-साथ नये आकार व संरचनाओं के वैशिष्ट्य का सृजन तथा दृष्टिगत अनुरोध के संवर्द्धन हेतु वस्तुओं में प्रयुक्त अलंकरण से संबद्ध हैं।

किसी वस्तु के लिए प्रयुक्त डिजाइन पंजीकरण के आवेदनों को उनके अन्तर्राष्ट्रीय वर्गीकरण प्रणाली के अनुसार वर्गीकृत किया गया है जिससे वेहतर खोज की जा सके।

***एन.आई.सी*** के मार्गदर्शन में पेटेन्ट कार्यालय के डिजाइन स्कंध के संपूर्ण कम्प्यूटरीकरण की दिशा में कई प्रयास किए जा रहे हैं। डिजाइन आवेदन के डिजिटाइजेशन एवं कम्प्यूटर जनित रजिस्टर के सृजन का कार्य प्रारंभ हो चुका है।


पूर्व में प्रारंभ की गई आधुनिकीकरण परियोजना का उद्देश्य डिजाइन पुस्तकालय की आधारभूत सुविधा का अद्यतीकरण, कार्य-प्रक्रियाओं में सूचना प्रोद्योगिकी का सम्मिलन, कार्यप्रणाली संबंधी जागरूकता का सृजन एवं मानव संसाधन विकास करना था। इस प्रयास में विश्व बौद्धिक संपदा संस्थान (WIPO) से तकनीकी सहयोग भी स्वीकार किया गया।

फ्रंट ऑफिस साफ्टवेयर स्थापित किया गया है जिसकी सहायता से कोलकाता, दिल्ली, चेन्नई एवं मुम्बई स्थित पेटेन्ट कार्यालयों में से किसी में भी आवेदन दाखिल करने के साथ ही साथ एक स्वजनित आवेदन संख्या प्रदान कर दी जाती है। इससे आवेदकों को आवेदन दाखिल करने पर तत्क्षण आवेदन संख्या प्राप्त करने में सहायता मिलती है।


डिजाइन संबंधी बौद्धिक संपदा अधिकारों के प्रति जागरूकता सृजित करने के उद्देश्य से एक जनसूचना कार्यक्रम प्रारंभ की गई है जिसके तहत कई अधिकारियों को विभिन्न संस्थाओं द्वारा आयोजित अनेक कार्यशालाओं/सिम्पोजिया में भेजा गया। अधिक विस्तृत सूचना उपलब्ध कराने हेतु सूचना पुस्तिका संशोधित की गई है।

## 2. दाखिल एवं पंजीकृत डिजाइन आवेदन

वर्ष के दौरान डिजाइन पंजीकरण हेतु दाखिल आवेदनों की संख्या 5,521 थी जो पिछले वर्ष के कुल 4,949 की तुलना में 11 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाती है। 3584 आवेदन भारतीय आवेदकों द्वारा दाखिल किए गए जबकि शेष 1937 आवेदन विदेशों से उद्गमित हुए। संवीक्षा वर्ष के दौरान वस्त्र अभिकल्पों के पंजीकरण के लिए 341 आवेदन दाखिल किए गए।




**भारतीय एवं विदेशियों द्वारा दाखिल आवेदन**




विदेशों से उद्गमित आवेदनों के संदर्भ में संयुक्त राज्य अमेरिका का स्थान सर्वोपरि रहा जिसके वाद जापान, इटली, जर्मनी, स्वीटजरलैंड, कोरिया गणतंत्र इत्यादि का स्थान आता है। इन संख्याओं का देशवार विवरण कोष्ठक में प्रदर्शित किया गया है। संयुक्त राज्य अमेरिका (584), जापान (221), इटली(188), जर्मनी (164), स्वीटजरलैंड (124), कोरिया गणतंत्र (106), यू.के.(98), स्पेन(83), फ्रांस (73), नीदरलैंड (70), चीन गणतंत्र (48), स्वीडन (32), फीनलैंड (29), ताइवान (18), बेल्जियम (12), सिंगापुर (10), मलेशिया (10), हांगकांग (10), न्यूजीलैंड (9), आस्ट्रेलिया (9), डेनमार्क (6), दक्षिण अफ्रिका (5), आस्ट्रिया (5), बाहामास (4), इजराइल (4), कनाडा (4), ब्राजील (4), आयरलैंड (3), लग्जमबर्ग (2), रूस (1), एवं बांग्लादेश (1), भारत एवं अन्य कन्वेंशन देशों की बीच पारस्परिक व्यवस्था के तहत 1389 आवेदनों ने प्रायिकता दावे दाखिल किए।

वर्ष 2006-2007 में गैर-वस्त्र अभिकल्पों के पंजीकरण हेतु 5180 आवेदन दाखिल किए गए। भारत में उद्गमित आवेदनों की संख्या 3291 थी जबकि शेष 1889 आवेदन विदेशी आवेदकों द्वारा गैर-वस्त्र अभिकल्प के क्षेत्र में दाखिल किए गए। गैर-वस्त्र क्षेत्र में अभिकल्प पंजीकरण हेतु दाखिल आवेदनों में अधिकांश घरेलू तथा व्औद्योगिक वस्तुओं से संबद्ध थे।

### 3.अभिकल्प आवेदन-पत्रों की जाँच

पिछले वर्ष लंबित 450 मामलों के साथ इस वर्ष सभी दाखिल आवेदनों का वर्ष के दौरान परीक्षण किया गया। 276 आवेदनों को परित्यक्ता एवं अस्वीकृति के आधार पर डिजाइन अधिनियम तथा इसके नियमों के तहत

पंजीकृत नहीं किया गया। वर्ष के दौरान पंजीकृत अभिकल्पों की संख्या 4250 थी जिनमें वर्ष 2005-2006 में दाखिल आवेदन शामिल हैं। पंजीकृत अभिकल्पों में से 2877 आवेदन भारत से उद्‌गमित थे और शेष 1373 विदेशों से प्राप्त हुए। वर्ष के अंत में कुल 995 आवेदन लंबित रहे ।

**4. विविध कार्यवाहियाँ**

वर्ष के दौरान पंजीकृत अभिकल्पों में प्रतिलिप्यधिकार विस्तार के लिए 675 आवेदन प्राप्त किए गए। संवीक्षा वर्ष के अंत तक 82 प्रकरण लंबित रहे।

वर्ष में प्रतिलिप्याधिकार के प्रत्यावर्तन हेतु 16 आवेदन पत्र दाखिल किए गए। संवीक्षा वर्ष के अंत तक 08 प्रकरण लंबित रहे।

कार्यालय ने अभिकल्प पर प्रतिलिप्यधिकार की विद्यमता संबंधी सूचनार्थ 190 अनुरोध प्राप्त किए जो समान पंजीकृत अभिकल्प के अस्तित्व को पहचानने हेतु वस्तु के निरूपणों के साथ दाखिल किए गए। सभी प्रकरणों का निपटान कर दिया गया।

वर्ष के अंत तक प्रभावी पंजीकृत अभिकल्पों की संख्या 43,045 थी जिनमें से 40,059 अभिकल्प भारतीयों के नाम में पंजीकृत थे।
वर्ष के दौरान 87 अभिकल्पों के पंजीकरण को निरस्त करने के आवेदन प्राप्त हुए जबकि विगत वर्ष के अंत तक 149 आवेदन लंबित रहे। वर्ष के दौरान इन 236 प्रकरणों में से 12 आवेदनों का निपटारा कर दिया गया। शेष आवेदन डिजाइन अधिनियम, 2000 की धारा 19 एवं डिजाइन नियम, 2001 की धारा 29 के तहत प्रक्रियागत है ।

वर्ष के दौरान डिजाइन अधिनियम, 2000 के तहत अभिकल्पों के पंजीकरण के संदर्भ में 44 सुनवाईयाँ की गईं।

संविक्षा वर्ष के दौरान 108 बार अभिकल्प पंजी का निरीक्षण किया गया।

वर्ष के दौरान अभिकल्प के संदर्भ में नाम व पते एवं सेवार्थ पते में परिवर्तन हेतु 385 एवं लिपिकीय त्रुटियों के परिमार्जन हेतु 51 अनुरोध प्राप्त हुए। वर्ष के दौरान इन सभी अनुरोधों पर कार्रवाई की गई।
वर्ष के दौरान अधिनियम की धारा 30 एवं 30(3) के तहत समनुदेशन हेतु 110 अनुरोध प्राप्त हुए जबकि विगत वर्ष से 41 प्रकरण लंबित थे। इन 151 प्रकरणों में से 76 का निपटारा किया गया। शेष अनुरोध प्रक्रियागत है ।

नियम 15, 46 ,47 व 29(9) के तहत साक्ष्यादि प्रस्तुत करने के लिए समय विस्तार हेतु 3481 अनुरोध प्राप्त हुए।

धारा 17(2), 26 तथा नियम 41 के तहत सत्यापित प्रतियों के लिए 427 अनुरोध प्राप्त हुए। वर्ष के दौरान 334 अनुरोधों का निपटान कर दिया गया जबकि शेष प्रक्रियागत है।


वर्ष के दौरान धारा 31 के तहत डिजाइन रजिस्टर के परिशोधन हेतु 12 अनुरोध प्राप्त हुए जिसका निपटान कर दिया गया। नियम 40 के तहत आवेदन की सूचना हेतु कोई अनुरोध प्राप्त नहीं हुआ।

वर्ष के दौरान धारा 8(1) के तहत आवेदक या संयुक्त आवेदक के रूप में पहल करने हेतु 8 अनुरोध दाखिल किए गए जिनमें से सभी का निपटान कर दिया गया।

## 5. राजस्व

वर्ष 2006-2007 के दौरान डिजाइन अधिनियम, 2000 व डिजाइन नियम, 2001 के तहत पेटेंट कार्यालय ने अभिकल्प आवेदन एवं अन्य कार्यवाहियों के शुल्क के रूप में रू. 1,00,80,300/- (रू. एक करोड़ अस्सी हजार तीन सौ मात्र) की आय अर्जित की। विवरण **परिशिष्ट - *क*** में प्रदत्त हैं।

**फाइल किए गए आवेदन व उत्पादित राजस्व**




विगत पाँच वर्षों में दाखिल एवं पंजीकृत आवेदन की प्रवृति **परिशिष्ट -*ख*** में तथा उद्गम के अनुसार **परिशिष्ट-*ग*** में दिखाए गए हैं।

----------######----------

## वर्ष 2006-2007 के दौरान प्राप्त अभिकल्प शुल्क

| [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] |
|---|---|---|---|
| **डिजाइन अधिनियम, 2000 की धारा 5 एवं 44 के तहत अभिकल्प के पंजीकरण हेतु आवेदन (पेटेंट कार्यालय दिल्ली, मुम्बई एवं चेन्नई में प्राप्त आवेदन सहित )** | 5521 | 1000 | 55,21,000 |
| धारा 11(2) के तहत प्रतिलिप्यधिकार के विस्तार हेतु आवेदन | 675 | 2000 | 13,50,000 |
| डिजाइन अधिनियम 2000 एवं डिजाइन नियम 2001 के तहत प्राप्त अन्य विविध शुल्क | | | 32,09,300 |
| कुल योग | | | **1,00,80,300** |

परिशिष्ट- ख

## दाखिल एवं पंजीकृत आवेदनों की प्रवृत्ति

| वर्ष | दाखिल | पंजीकृत |
|---|---|---|
| 2002-03 | 3124 | 2364 |
| 2003-04 | 3357 | 2547 |
| 2004-05 | 4017 | 3728 |
| 2005-06 | 4949 | 4175 |
| **2006-07** | **5521** | **4250** |

परिशिष्ट- ग

## उद्गम के अनुसार दाखिल एवं पंजीकृत आवेदनों की प्रवृत्ति

| वर्ष | दाखिल | | पंजीकृत | |
|---|---|---|---|---|
| | भारतीय | विदेशी | भारतीय | विदेशी |
| 2002-03 | 2589 | 535 | 1974 | 390 |
| 2003-04 | 2619 | 738 | 2004 | 543 |
| 2004-05 | 3093 | 924 | 3166 | 562 |
| 2005-06 | 3407 | 1542 | 3439 | 736 |
| **2006-07** | **3584** | **1937** | **2877** | **1373** |

बौद्धिक
संपदा भारत
एकस्व / अभिकल्प / व्यापार चिह्न /
भौगोलिक संकेत

# व्यापार चिह्न अधिनियम, 1999
# के तहत
# वर्ष 2006-07
# का
# 48वाँ वार्षिक प्रतिवेदन

# परिचय

व्यापार चिन्ह अधिनियम का उद्देश्य व्यापार चिह्न का पंजीकरण और इसे बेहतर सुरक्षा प्रदान करना है और नकली व्यापार चिह्नों के उपयोग को रोकना है। व्यापार चिह्न का पंजीकरण पंजीकृत स्वत्वधारी को कतिपय सांविधिक अधिकार प्रदान करता है,जो उसे व्यापार चिह्न के अतिलंघन की स्थिति में वाद चलाने हेतु सक्षम बनाता है,चाहे ये चिह्न प्रयोग में हो या नहीं। यह उन कॉमन लॉ अधिकारों के अतिरिक्त अधिकार है,जहां 'पासिंग ऑफ' के अंर्तगत मुकदमा चलाया जा सकता है।व्यापार चिह्न रजिस्ट्री व्यापार चिह्न अधिनियम 1999 तथा उसके अधीन बने नियमों को प्रशासित करता है।यह अधिनियम तथा संबंधित नियम दिनांक 15सितम्बर, 2003 से प्रभाव में है। इसका मुख्यालय मुंबई मे है तथा इसकी शाखाएँ दिल्ली,कोलकाता,चेन्नई और अहमदाबाद में स्थित है।

सामान्यतया बौद्धिक संपदा अधिकार तथा विशेषकर व्यापार चिह्न के संबंध में बढती जागरूकता से व्यापार चिह्न रजिस्ट्री की भूमिका तथा उत्तरदायित्व में काफी बढोतरी हुई है। व्यापार चिन्ह अधिनियम 1999 के अधीन सेवाओं के व्यापार चिह्न, सुविख्यात चिह्न,सामूहिक चिह्न तथा 'मल्टी क्लास' आवेदनों इत्यादि को शामिल किए जाने से इस भूमिका में और बढोतरी होने वाली है। रजिस्ट्री भुगतान वेब आधारित सेवायें

इसके अतिरिक्त व्यापार चिह्न रजिस्ट्री पर व्यापार चिह्न से संबंधित 'वायपो' की स्थायी समिति के विमर्श को विश्व स्तर पर अनुपालन करने की जिम्मेदारी भी है। साथ ही 'डोमेन नेम' तथा' इंटरनेशनल नॉन प्रोप्रायटरी नेम' जैसे उभरते नए मुद्दों के लिए इनपुट प्रदान करना है।व्यापार चिह्न रजिस्ट्री समय-समय पर बौद्धिक संपदा अधिकारों के क्षेत्र में जागरूकता संबंधी गतिविधियों में भी भाग लेती है।

| | **2005-2006** | **2006-07** |
|---|---|---|
| पंजीकरण के लिए प्राप्त आवेदन | 85,669 | 1,03,419 |
| व्यापार चिन्ह पत्रिका मे विज्ञापित आवेदनों की संख्या | 1,58,665 | 1,04,260 |
| पंजीकृत चिन्हों की संख्या | 1,84,325 | 1,09,361 |
| पंजीकरण नवीकृत किए जाने वाले चिन्हो की संख्या | 7,805 | 15,969 |
| खोज के लिए अनुरोध | 1,17,388 | 1,38,947 |
| सुभिन्नता के बारे मे प्रारंभिक सलाह के लिये अनुरोध | 49 | 50 |
| प्रतिलिप्याधिकार अधिनियम, 1983 की धारा 45(1) के तहत जारी प्रमाणपत्र | 2,242 | 1,523 |
| **कुल राजस्व** | **49,75,09,410** | **55,79,28,069** |

**बाक्स-1: परिचालन विशेषतायें**

## व्यापार चिह्न आवेदन की प्रवृत्ति

व्यापार चिह्न आवेदनों की प्रवृत्ति भारत में व्यापार चिह्नों के पंजीकरण में बढोतरी दर्शाता है। वर्ष 2006-2007 मे भारतीयों द्वारा फाईल किये गये आवेदनों की संख्या 88,210 थी, वहीं विदेशों से आनेवाले आवेदनों की संख्या 15,209 थी।

## 2002-03 से 2006-2007 के दौरान आवेदनों का रूझान

| वर्ष | भारतीय आवेदक | विदेशी आवेदक | कुल |
|---|---|---|---|
| 2002-03 | 88,190 | 5,930 | 94,120 |
| 2003-04 | 76,801 | 15,450 | 92,251 |
| 2004-05 | 63,906 | 15,090 | 78,996 |
| 2005-06 | 73.308 | 12,361 | 85,669 |
| **2006-07** | **88,210** | **15,209** | **1,03,419** |

पिछले वर्षो की भाँति, व्यापार चिन्हों के पंजीकरण के लिए सबसे ज्यादा आवेदन वर्ग - 5 के अंतर्गत की वस्तुओ (भैषजीय,पशु चिकित्सीय तथा सफाई संबंधी पदार्थ आदि ) के लिए प्राप्त हुए।

आवेदनों का वर्गवार वितरण संबंधी विवरण परिशिष्ट 'क' मे दिया गया है ।


### बॉक्स-1 :फ़ाईल किये गये विभिन्न प्रकार के व्यापार चिन्ह आवेदनों के रुझान

| वर्णन | 2005-06 | 2006-07 |
|---|---|---|
| शब्द चिह्न | 66,828 | 67,633 |
| अभिलक्षण चिह्न | 18,218 | 35,631 |
| अंक चिह्न | 203 | 79 |
| वर्ण चिह्न | 391 | 74 |
| वर्ण और अंक | 29 | 2 |
| संयोजन वाले चिह्न | - | - |
